


RNI No.: UPHIN/25/A1698
NAVSARJAN SANSKRUTI

# नवसर्जन संस्कृति

नवसर्जन संस्कृति
लखनऊ से प्रकाशित दैनिक

वर्ष : 01
अंक : 317
दि. 21.03.2026, शनिवार
पाना : 04
किंमत : 00.50 पैसा


## प. एशिया संकट के बीच पीएम मोदी का बड़ा कदम, कतर-फ्रांस-जॉर्डन और ओमान के नेताओं से की बातचीत

(जीएनएस)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कतर, फ्रांस, जॉर्डन, ओमान और मलेशिया के नेताओं से बात की और पश्चिम एशिया में बिगड़ती स्थिति पर चिंता व्यक्त की। पश्चिम एशिया में संघर्ष को कम करने की अपील करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने क्षेत्र के ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हुए हमलों की कड़ी निंदा की।

पांचों नेताओं से अलग-अलग टेलीफोन पर हुई बातचीत में, प्रधानमंत्री ने क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और स्थिरता की शीघ्र बहाली के लिए बातचीत और कूटनीति की जरूरत पर जोर दिया और होर्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित और स्वतंत्र नेविगेशन पर बल दिया।

प्रधानमंत्री मोदी ने  पर एक पोस्ट में कहा, "मैंने अपने भाई, कतर के अमीर महामहिम एच एच शेख तमीम बिन हमद अल थानी से बात की और उन्हें और कतर के लोगों को ईद की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।"

उन्होंने दोहराया कि भारत कतर के साथ एकजुटता से खड़ा है और क्षेत्र के ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हुए हमलों की कड़ी निंदा करता है।

पीएम मोदी ने 'भारतीय समुदाय को दी गई देखभाल और सहायता के लिए आभार व्यक्त किया और क्षेत्र में शांति और स्थिरता की कामना की। उन्होंने कहा, हम होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित और स्वतंत्र रुप से आवागमन के पक्षधर हैं।'

जॉर्ड के राजा से पीएम मोदी ने की बात

जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला द्वितीय को 'मेरा भाई'बताते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें ईद की अग्रिम शुभकामनाएं दीं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'हमने पश्चिम एशिया में बिगड़ती स्थिति पर चिंता व्यक्त की और क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और स्थिरता की शीघ्र बहाली के लिए संवाद और कूटनीति की आवश्यकता पर बल दिया। पश्चिम एशिया में ऊर्जा संरचना पर हमले निंदनीय हैं और इनसे अनावश्यक तनाव बढ़ सकता है।'

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और जॉर्डन माल और ऊर्जा के निर्बाध पारगमन के पक्षधर हैं। उन्होंने आगे कहा, 'क्षेत्र में फंसे भारतीयों की सुरक्षित वापसी में जॉर्डन के प्रयासों की हम तहे दिल से सराहना करते हैं।'

पीएम मोदी ने इमैनुएल मैक्रों से की बात

एक्स पर एक अन्य पोस्ट में, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उन्होंने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से बात की।

उन्होंने कहा, 'मैंने अपने प्रिय मित्र, राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन से पश्चिम एशिया की स्थिति और तनाव कम करने की तत्काल आवश्यकता के साथ-साथ बातचीत और कूटनीति की ओर लौटने पर चर्चा की। हम क्षेत्र और उससे बाहर शांति और स्थिरता को आगे बढ़ाने के लिए अपने घनिष्ठ समन्वय को जारी रखने के लिए उत्सुक हैं।'

जवाब में, मैक्रॉन ने लिखा, 'धन्यवाद, मेरे प्रिय मित्र। भारत और फ्रांस क्षेत्र में तनाव कम करने और शांति के लिए अपने प्रयासों के केंद्र में कूटनीति को बनाए रखने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।'

पीएम मोदी ने ओमान की संप्रभुता के उल्लंघन की निंदा की

प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि उन्होंने ओमान के 'मेरे भाई'सुल्तान हैथम बिन तारिक के साथ 'सार्थक बातचीत'की और खाड़ी देश के लोगों को ईद की अग्रिम शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा, 'हम तनाव कम करने और उसके बाद शांति एवं स्थिरता बहाल करने के लिए बातचीत और कूटनीति को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर सहमत हुए।'

प्रधानमंत्री ने ओमान की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के उल्लंघन की कड़ी निंदा की और भारतीय नागरिकों सहित हजारों लोगों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के प्रयासों की सराहना की।

उन्होंने कहा, 'भारत और ओमान होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित और निर्बाध आवागमन के लिए प्रतिबद्ध हैं।'



अनवर इब्राहिम को पीएम मोदी ने दी ईद की शुभकामनाएं

मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम से बातचीत के दौरान, प्रधानमंत्री ने उन्हें और उनके देश के लोगों को आने वाले ईद-उल-फितर के त्योहार की शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा, 'हमने पश्चिम एशिया की बेहद चिंताजनक स्थिति पर भी चर्चा की और बातचीत और कूटनीति के जरिए तनाव कम करने और जल्दी शांति और स्थिरता बहाल करने के लिए हमारी साझा प्रतिबद्धता दोहराई।'

बता दें की 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर हमले के बाद से प्रधानमंत्री मोदी कतर के अमीर, जॉर्डन के राजा और ओमान के सुल्तान से दो बार बात कर चुके हैं। इस्लामी गणराज्य ने अपने कई खाड़ी पड़ोसी देशों पर हमला करके जवाबी कार्रवाई की है।

संघर्ष शुरू होने के बाद से प्रधानमंत्री मोदी की मैक्रोन और इब्राहिम से यह पहली मुलाकात थी।

संघर्ष शुरू होने के बाद से प्रधानमंत्री सऊदी अरब, बहरीन, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), इजरायल और ईरान सहित कई अन्य विश्व नेताओं से भी बात कर चुके हैं।

## चुनाव आयोग ने बढ़ाई सख्ती, हर राजनीतिक विज्ञापन के लिए प्री-सर्टिफिकेशन जरूरी

(जीएनएस)।

आगामी विधानसभा चुनावों और उपचुनावों को ध्यान में रखते हुए इलेक्शन कमिशन ऑफ इंडिया (एउक) ने राजनीतिक विज्ञापनों को लेकर सख्त निर्देश जारी किए हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों और छह राज्यों में होने वाले उपचुनावों से पहले सभी राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और संगठनों को अपने विज्ञापनों का पूर्व-प्रमाणन अनिवार्य रूप से कराना होगा।




चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार, कोई भी पंजीकृत राजनीतिक पार्टी, संगठन, एसोसिएशन या चुनाव लड़ने वाला उम्मीदवार बिना अनुमति के इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सोशल मीडिया या अन्य प्लेटफॉर्म पर चुनाव से संबंधित विज्ञापन जारी नहीं कर सकेगा। इसके लिए उन्हें मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी से पहले मंजूरी लेनी होगी।

आयोग का यह कदम चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है। राजनीतिक दलों को अपने विज्ञापन के लिए पहले ही अनुमति लेनी होगी, इससे भ्रामक विज्ञापनों पर रोक लगाई जा सकेगी।

– अधिकारियों के अनुसार, प्री-सर्टिफिकेशन से फर्जी खबरों, भ्रामक प्रचार और आचार संहिता के उल्लंघन को रोकने में मदद मिलेगी। खासकर सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए यह व्यवस्था और भी महत्वपूर्ण हो जाती है।

एमसीएमसी की भूमिका इस प्रक्रिया में बेहद अहम है। यह समिति विज्ञापनों की सामग्री की जांच करती है और यह सुनिश्चित करती है कि वे चुनावी नियमों और आचार संहिता के अनुरूप हों। यदि कोई विज्ञापन भ्रामक, आपत्तिजनक या नियमों के खिलाफ पाया जाता है, तो उसे प्रसारित करने की अनुमति नहीं दी जाती। चुनाव आयोग ने सभी संबंधित पक्षों को निर्देश दिया है कि वे समय रहते अपने विज्ञापनों को प्रमाणन के लिए प्रस्तुत करें।

ताकि चुनाव प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा न आए।

आयोग ने यह भी चेतावनी दी है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह कदम चुनावी माहौल को स्वच्छ बनाए रखने और मतदाताओं को सही जानकारी उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाएगा।

## सीएम योगी ने ईद की दी मुबारकबाद, 'यह पर्व भाईचारे, अमन-चैन और सौहार्द का देता है संदेश

(जीएनएस)।

सीएम योगी ने कहा कि यह त्योहार अमन-चैन और सामाजिक समरसता का संदेश देता है. इस दौरान सभी को आपसी भाईचारे को और मजबूत करने तथा समाज में सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लेना चाहिए.

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ईद-उल-फित्र (ईद) के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं. उन्होंने कहा कि यह पर्व खुशियों, मेल-मिलाप और भाईचारे का संदेश देने वाला महत्वपूर्ण त्योहार है. मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि ईद-उल-फित्र का त्योहार समाज में एकता और सौहार्द को मजबूत करता है. यह पर्व लोगों के बीच प्रेम, सद्भाव और आपसी विश्वास को बढ़ाने का अवसर प्रदान करता है.



सीएम योगी ने कहा कि खुशियों का यह त्योहार अमन-चैन और सामाजिक समरसता का संदेश देता है. इस अवसर पर सभी को आपसी भाईचारे को और मजबूत करने तथा समाज में सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लेना चाहिए. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे ईद के इस पावन अवसर को मिल-जुलकर मनाएं और समाज में शांति, सद्भाव तथा एकता को बढ़ावा दें.

राजधानी लखनऊ में ईदगाह ऐशबाग समेत सभी मस्जिदों में तैयारी पूरी कर ली गई हैं. इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया ने ईद को लेकर गाइडलाइन भी जारी की है. मौलाना खालिद रशीद ने देशवासियों को ईद की मुबारकबाद दी है. ईदगाह ऐशबाग में सुबह 10 बजे नमाज होगी और सड़क पर नमाज न पढ़ने की अपील की गई है.

ईद-उल-फितर (ईद) पर्व से पहले उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ समेत कई जिलों में पुलिस ने सुरक्षा एवं यातायात के व्यापक प्रबंध किए हैं. राजधानी लखनऊ में ईद से पहले कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस महकमा पूरी तरह अलर्ट है. लखनऊ में ईद के त्योहार को लेकर मोबाइल पेट्रोल यूनिट बनाई गई हैं, और दफ्ळ (क्विक रिस्पॉन्स टीम) यूनिट भी तैनात की गई हैं.

### दिल्ली, लद्दाख, अंडमान के उपराज्यपालों ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की

नयी दिल्ली, दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू, उनके लद्दाख के समकक्ष विनय कुमार सक्सेना और अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी (सेवानिवृत्त) ने शुक्रवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। तीनों उपराज्यपालों ने प्रधानमंत्री से अलग-अलग मुलाकात की। संधू और सक्सेना को पांच मार्च को संबंधित पदों पर नियुक्त किया गया था। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की।"

पीएमओ ने एक अन्य पोस्ट में कहा, "लद्दाख के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की।"

## 6 भारतीयों की मौत, 3 लाख की वतन वापसी; खाड़ी देशों में फंसे लोगों पर एमईए की पैनी नजर

नई दिल्ली (जीएनएस)। पश्चिम एशिया में गहराते युद्ध के बादलों और बढ़ती सैन्य तनातनी के बीच भारत ने अपनी कूटनीतिक सक्रियता भी तेज कर दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया के पांच प्रभावशाली देशों के राष्ट्राध्यक्षों से फोन पर बात कर भारत का रुख स्पष्ट किया है। पश्चिम एशिया में जारी भीषण संघर्ष के बीच भारतीय विदेश मंत्रालय ने अहम जानकारी साझा की है. मंत्रालय के मुताबिक, खाड़ी क्षेत्र में चल रहे तनाव में अब तक 6 भारतीय नागरिकों की जान जा चुकी है, जबकि एक भारतीय अभी भी लापता है। सरकार लापता नागरिक की तलाश और मृतकों के पार्थिव शरीर को जल्द से जल्द भारत लाने के लिए युद्धस्तर पर प्रयास कर रही है। विदेश मंत्रालय ने अब तक 3 लाख लोगों की वतन वापसी कराई है।

मिशन मोड में भारतीय दूतावास

विदेश मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव असीम आर. महाजन ने बताया कि सऊदी अरब, ओमान, इराक और संयुक्त अरब अमीरात में स्थित भारतीय मिशन स्थानीय अधिकारियों के साथ निरंतर संपर्क में हैं। सरकार का पूरा जोर इस वक्त उन परिवारों को



राहत पहुंचाने पर है। लापता भारतीय की सुरक्षित बरामदगी के लिए भी स्थानीय सुरक्षा एजेंसियों के साथ 'सर्च ऑपरेशन' तेज कर दिए गए हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया के पांच प्रभावशाली देशों के राष्ट्राध्यक्षों से फोन पर बात कर भारत का रुख स्पष्ट किया है।

संवाद और कूटनीति पर भारत का जोर

प्रधानमंत्री ने ओमान के सुल्तान से भी बात की। पीएम मोदी ने कहा कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को केवल 'संवाद और कूटनीति' के जरिए ही सुलझाया जा सकता है। भारत का प्राथमिक उद्देश्य फिलहाल तनाव को कम करना और क्षेत्र में जल्द से जल्द शांति की बहाली करना है।

ऊर्जा संरचना पर हमले की पीएम मोदी ने की निंदा

इस कूटनीतिक संवाद का एक बड़ा हिस्सा वैश्विक अर्थव्यवस्था से जुड़ा रहा। प्रधानमंत्री ने ऊर्जा संरचना पर हो रहे हमलों की कड़े शब्दों में निंदा की। दरअसल, तेल और गैस के ठिकानों पर हमले वैश्विक बाजार में अस्थिरता पैदा कर सकते हैं, जिससे भारत सहित पूरी दुनिया प्रभावित होगी। इसके साथ ही, पीएम मोदी और अन्य नेताओं ने 'होर्मुज जलडमरूमध्य'से जहाजों की सुरक्षित और निर्बाध आवाजाही का समर्थन किया है।

रियाद में एक भारतीय की मौत

विदेश मंत्रालय में खाड़ी देशों के संयुक्त सचिव असीम महाजन ने कहा कि कल देर रात हमें 18 मार्च को रियाद में हुए हमले में एक भारतीय नागरिक की दुखद मृत्यु की सूचना मिली। हम मृतक के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। रियाद स्थित हमारा दूतावास परिवार के संपर्क में है। हम शव को जल्द से जल्द भारत वापस लाने के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय कर रहे हैं। अब तक विभिन्न घटनाओं में छह भारतीय नागरिकों की जान चली गई है और एक लापता है। सऊदी अरब, ओमान, इराक और संयुक्त अरब अमीरात में स्थित हमारे दूतावास लापता भारतीय नागरिक को वापस लाने के लिए अधिकारियों के संपर्क में

### रणवीर की फिल्म ने कमाया छप्पर फाड़ पैसा, पहले ही दिन पूरा किया शतक

रणवीर सिंह स्टारर धुरंधर 2: द रिवेंज ने बॉक्स ऑफिस पर ऐसी ओपनिंग दी है, जिसने बॉलीवुड के कई बड़े रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। निर्देशक आदित्य धर की इस एक्शन-थ्रिलर फिल्म ने पहले ही दिन कमाई के नए पैमाने खड़े कर दिए हैं। इसके साथ ही ये आदित्य धर और रणवीर दोनों के करियर की सबसे बड़ी ओपनिंग लेने वाली फिल्म बन गई है।



रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म ने रिलीज के पहले दिन ही ₹100 करोड़ से अधिक की कमाई कर इतिहास रच दिया। ऐसा करने वाली यह पहली हिंदी फिल्म बन गई है। इस जादुई आंकडे.को छूने में फिल्म के पेड प्रिव्यू का भी बड़ा हाथ रहा है। जिसने दर्शकों के बीच जबरदस्त एक्साइटमेंट बना कर रखा।

## असम में टीएमसी का बड़ा दांव! ममता बनर्जी से यूसुफ पठान तक 18 स्टार प्रचारकों की फौज उतारी

(जीएनएस)।

असम विधानसभा चुनाव 2026 को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है और इसी बीच तृणमूल कांग्रेस ने बड़ा कदम उठाते हुए अपने 18 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। इस लिस्ट में सबसे बड़ा नाम पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का है, जो खुद असम में पार्टी के लिए माहौल बनाने की कमान संभालेंगी। उनके साथ पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषक बनर्जी भी चुनाव प्रचार में अहम भूमिका निभाएंगे।

कौन-कौन हैं स्टार प्रचारक?

TMC की 18 सदस्यीय सूची में राजनीति, फिल्म और खेल जगत के कई बड़े चेहरे शामिल हैं। इनमें सुष्मिता देव, काकोली घोष दस्तीदार, सागरिका घोष, महुआ मोइत्रा, मोलॉय घटक, शत्रुघ्न सिन्हा, बाबुल सुप्रियो, सताब्दी रॉय, कीर्ति आजाद, सायोनी घोष, यूसुफ पठान, शांता छेत्री, जून मालिया, सिद्दीकुल्लाह चौधरी,



मोसरफ हुसैन और दुलु अहमद जैसे नाम शामिल हैं।

रणनीति क्या है?

TMC की इस लिस्ट से साफ है कि पार्टी असम में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए हर वर्ग को साधने की कोशिश कर रही है। एक तरफ अनुभवी नेता हैं, तो दूसरी तरफ फिल्म और क्रिकेट से जुड़े चेहरे भी हैं, जो जनता के बीच आसानी से कनेक्ट बना सकते हैं। खास तौर पर शत्रुघ्न सिन्हा, बाबुल सुप्रियो और यूसुफ पठान जैसे नाम स्टार पावर लेकर आते हैं, जबकि महुआ मोइत्रा और कीर्ति आजाद जैसे नेता राजनीतिक मजबूती देते हैं।

असम में TMC अभी अपनी जमीन तलाश रही है और इस बार पार्टी पूरी ताकत के साथ चुनाव मैदान में उतर रही है। ममता बनर्जी की अगुवाई में पार्टी यहां अपनी मौजूदगी मजबूत करना चाहती है और बड़े नेताओं के जरिए वोटर्स को आकर्षित करने की कोशिश कर रही है।

## लखनऊ में आरएसएस के पदाधिकारियों के साथ सीएम योगी की मुलाकात, अहम मानी जा रही है बैठक

**बैठक में बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह भी मौजूद रहे.**

लखनऊ : राजधानी में शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (फ्रर) के पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की. बैठक में संघ पदाधिकारियों के साथ बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह मौजूद रहे. यह मुलाकात काफी अहम मानी जा रही है.

बता दें कि सीएम योगी ने हाल के महीनों में कई क्षेत्रीय समन्वय बैठकों में हिस्सा लिया है. जैसे वाराणसी, गोरखपुर, कानपुर, आगरा और गाजियाबाद में. लखनऊ बैठक भी इसी कड़ी का हिस्सा है. हाल ही में संघ प्रमुख की भी लखनऊ में मुलाकातें हुईं थीं. ऐसे में आज की



बैठक 2027 में फिर से सरकार बनाने की रणनीति पर केंद्रित मानी जा रही है. सूत्रों के मुताबिक, बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश में चल रहे विकास कार्यों, सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और जनता तक उनकी पहुंच पर फीडबैक लिया जा रहा है. बैठक के बाद किसी आधिकारिक बयान की उम्मीद है, जिसमें समन्वय को और मजबूत करने के संकेत मिल सकते हैं. आज की बैठक भी इसी दिशा में एक कदम है. लखनऊ में मुख्यमंत्री आवास पर शुक्रवार को हुई बैठक में संघ पदाधिकारियों के साथ बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह मौजूद रहे.

बीजेपी के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि "मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बीच हो रही यह बैठक 2027 विधानसभा चुनाव की प्राथमिक रूपरेखा को तय करने को लेकर की जा रही है. जिसमें कई कार्यक्रम तय किए जाएंगे."

### प्रधानमंत्री मोदी को पश्चिम एशिया संकट का खुलकर विरोध करना चाहिएः ओवैसी

हैदराबाद, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल-मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि पश्चिम एशिया के प्रति भारत की पहले से चली आ रही तटस्थ नीति के विपरीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ नजदीकी बढ़ा ली है। उन्होंने कहा कि मोदी को खुले तौर पर कहना चाहिए कि पश्चिम एशिया में जारी सैन्य संघर्ष गलत है। यहां मक्का मस्जिद में एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने पश्चिम एशिया के सभी देशों के साथ मित्रतापूर्ण संबंध बनाए रखे हैं और फलस्तीन के मुद्दे पर भी उसका रुख कायम है।






# मुख्यमंत्री के आदेश को ठेंगे पर रखती त्रिवेदी गैस एजेंसी, कालाबाजारी की आंच में जल रहे उपभोक्ताओं के हक!

**गैस एजेंसी या ब्लैकमेलिंग का अड्डा? त्रिवेदी गैस के चक्कर काटते उपभोक्ता और बेअसर प्रशासनिक दावे!**

(जीएनएस)।

लखनऊ। राजधानी के हुसैनगंज स्थित भानमती चौराहा इन दिनों एक विशेष चमत्कार का गवाह बन रहा है। यहाँ की त्रिवेदी गैस एजेंसी ने शायद समय के पहिये को पीछे घुमा दिया है। एक तरफ सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ का सख्त फरमान है कि बुकिंग के 3 दिन के भीतर सिलेंडर उपभोक्ता के घर की दहलीज पर होगा, तो दूसरी तरफ यह एजेंसी है जो 7 मार्च की बुकिंग को आज 20 मार्च तक एंटीक पीस बनाकर सहेज कर बैठी है।

त्रिवेदी गैस एजेंसी का डिजिटल तमाचा, 7 मार्च की बुकिंग, पर चूल्हा ठण्डा!

त्योहारों का सीजन है, घरों में पकवानों की तैयारी होनी चाहिए, लेकिन उपभोक्ताओं के नसीब में केवल एजेंसी के चक्कर काटना लिखा है। जिलाधिकारी महोदय बड़े प्यार से कहते हैं कि किसी के घर का चूल्हा बंद नहीं होगा, मगर शायद त्रिवेदी गैस एजेंसी ने इस बयान को जोक समझ लिया है। एजेंसी के पास गैस का स्टॉक तो पहाड़ जैसा है, लेकिन उपभोक्ताओं के लिए उनके पास सिर्फ एक ही जवाब है, गैस नहीं आई है।




वाह! क्या गजब की मैनेजमेंट है। जब बड़े पैमाने पर गैस मिल रही है और उपभोक्ताओं तक नहीं पहुँच रही, तो सवाल यह उठता है कि क्या ये सिलेंडर जमीन खा गई या आसमान निगल गया? या फिर ब्लैकमेलिंग और कालाबाजारी के खेल में ये सिलेंडर किसी गुप्त रास्ते से रफूचक्कर हो रहे हैं?

एजेंसी का व्यवहार तो और भी लाजवाब है। जब कोई उपभोक्ता अपनी गाढ़ी कमाई के पैसे देकर, वैध बुकिंग आईडी लेकर वहां पहुँचता है, तो उसे ऐसे भगाया जाता है जैसे वह गैस का सिलेंडर नहीं, बल्कि एजेंसी मालिक की जायदाद का हिस्सा मांग रहा हो। 20-20 दिन से दर-दर भटकते इन उपभोक्ताओं की बेबसी को देखकर लगता है कि डिजिटल इंडिया का सारा नेटवर्क इसी चौराहे पर आकर दम तोड़ चुका है।

कमिश्नर साहब ने नंबर जारी किए, सरकार ने हेल्पलाइन बनाई, लेकिन त्रिवेदी गैस एजेंसी के रसूख के आगे ये सब कागज के शेर साबित हो रहे हैं। आखिर किसकी शह पर यह कालाबाजारी का नंगा नाच चल रहा है? क्या शासन की छवि खराब करने का यह नया तरीका है?

मुख्यमंत्री जी कह रहे हैं 3 दिन और यहाँ बीत रहे हैं 20 दिन। अब देखना यह है कि प्रशासन की नींद कब टूटती है, या फिर उपभोक्ता इसी तरह अमृत काल में खाली सिलेंडर लेकर सड़क पर बैठकर अपनी किस्मत और सरकार के वादों को कोसता रहेगा।

# उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा निवेश का केंद्र बनने की ओर अग्रसर

**यूपीएक्स 2026 आयोजन 7-9 मई को लखनऊ में**

प्रयागराज, 20 मार्च (शुक्रवार) ।उत्तर प्रदेश को स्वच्छ ऊर्जा निवेश का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, उत्तर प्रदेश एनर्जी एक्सपो (वढए) 2026के लिए प्री-इवेंट जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को विकास भवन, प्रयागराज में किया गया।

इस पहल का आयोजन यूपी स्टेट चैप्टर पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स और फर्स्टव्यू द्वारा, यूपीनेडा (उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण), उत्तर प्रदेश सरकार तथा सेवा(रएश्अ) के सहयोग से, केईआई इंडस्ट्रीज लिमिटेड के समर्थन में किया जा रहा है।

कार्यक्रम का मुख्य फोकस 'पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना' पर रहा, जिसमें उद्योग जगत के प्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भाग लेकर सौर ऊर्जा क्षेत्र में उभरते अवसरों, नीतिगत ढांचे और राज्य में बढ़ती संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हर्षिका सिंह, क्‌अर, मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज ने कहा कि राज्य के सतत विकास के लिए नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि पीएम सूर्य घर योजना एवं पीएम-कुसुम योजना जैसे प्रमुख प्रयास घरों, किसानों और उद्योगों को सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं, जिससे ऊर्जा सुरक्षा मजबूत हो रही है।

प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए यू.पी. त्रिपाठी, कॉन्फ्रेंस सह-संयोजक,यूपी एक्स 2026 ने जानकारी दी कि उत्तर प्रदेश एनर्जी एक्सपो 2026 का आयोजन 7 से 9 मई 2026 तक इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस तीन दिवसीय एक्सपो में देश-विदेश से 150 से अधिक प्रदर्शक और 60 से अधिक वक्ता भाग लेंगे, जो 10 थीमैटिक सत्रों के माध्यम से तकनीक, नीति और निवेश के अवसरों पर चर्चा करेंगे।

गोपाल कुशवाहा, जिला विकास अधिकारी, प्रयागराज ने जमीनी स्तर पर सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं के माध्यम से नवीकरणीय ऊर्जा का व्यापक उपयोग ग्रामीण विकास, ऊर्जा पहुंच और आर्थिक सुदृढ़ता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

विनय कुमार टंडन, अध्यक्ष, पूर्वी उत्तर प्रदेश चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने कहा कि सौर ऊर्जा पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों का एक प्रभावी विकल्प बनकर उभर रही है।

# नवरात्रि के अवसर पर भुईयांन बाबा के स्थान पर मेले का आयोजन



**-पूरे दिन रहा आस्था व उत्साह का माहौल**

(जीएनएस)।

खखरेरू। क्षेत्र के तेंदुआ गांव में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर एक दिवसीय पारंपरिक मेले का भव्य आयोजन किया गया। मेले में आसपास के गांवों सहित दूर-दराज क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु पहुंचे और पूरे दिन आस्था व उत्साह का माहौल बना रहा।

गांव के प्राचीन एवं प्रसिद्ध भुइयांन बाबा के स्थान पर प्रत्येक वर्ष चैत्र मास की द्वितीया तिथि को यह मेला आयोजित किया जाता है। मान्यता है कि भुइयां बाबा के सिद्ध स्थल पर सच्चे मन से मांगी गई मन्नत अवश्य पूर्ण होती है। इसी आस्था के चलते सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें मंदिर परिसर में देखी गईं, जहां लोगों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मेले में जनपद फतेहपुर के साथ-साथ अन्य जनपदों से आए दुकानदारों ने विभिन्न प्रकार की दुकानों को सजाया। यहां खिलौने, घरेलू सामान, मिठाइयों और खान-पान की दुकानों पर लोगों की भीड़ उमड़ती रही। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों ने मेले का भरपूर आनंद लिया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। मेले के चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा, जिससे आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। वहीं, मेले के सफल आयोजन में गांव के ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा, जिन्होंने साफ-सफाई और व्यवस्था बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई। ग्रामीणों ने बताया कि यह मेला वर्षों पुरानी परंपरा का हिस्सा है, जो क्षेत्र की आस्था और सांस्कृतिक विरासत को जीवंत बनाए हुए है।

# ईदुल फितरः मकसद और ज़िम्मेदारी

ईद यानी रमजान की ज़िम्मेदारी को मुकम्मल अदा करने के अहसास को महसूस करने और खुदा का शुक्र अदा करने वाला खुशी का दिन। लेकिन मसअला ये है कि आज का इंसान मनपसंद चीज हासिल करने या मनपसंद अमल अंजाम देने की आजादी को ही खुशी समझने लगा है। वो खुशी के असली मानी के नजदीक भी नहीं पहुंच पा रहा है क्योंकि खुशी वो अहसास है जो इंसानी मुआशरे में सबके लिए सुकून का सबब होता है। इसे समझने के लिए ईद से जुड़े बुजुर्गों की रिवायतों पर गौर किया जा सकता है।

पहली शव्वाल की सुबह, सूरज निकलने के बाद गुजरे रमजान में बख़्शी गई खुदा की बेशुमार नेम'अतों और रहमतों का शुक्र अदा करने के लिए नमाज ए ईद से पहले मुआशरे के गरीबों तक फितरा पहुंचाने का सिलसिला खुशी की बुनियाद माना जाता है और फि र नमाज में खुदा का शुक्र अदा करने के बाद छोटों को कुछ रकम या तोहफा देकर खुशी के सिलसिले को आगे बढ़ाया जाता है तो दूसरी तरफ बड़ों से दुआएं हासिल करके इस खुशी में चार चांद लगाए जाते हैं। गुजरे हुए साल में मरहूम हुए रिश्तेदारों और पड़ोसियों के घरों में हाज़िरी देते हुए फातेहा पढ़कर गमजदा लोगों को तसल्ली दी जाती है और उसके बाद घर आए मेहमानों की अपनी हैसियत के मुताबिक खातिर की जाती है।



खुशी के इस पूरे सिलसिले को ईद कहते हैं जिसमें ना तो नये कपड़ों और शानदार खुशबूओं का होना लाज़िमी है और ना ही मोटरसाइकिलों की शोर मचाती दौड़ और फिल्मी गानों की बेहूदगी से इसका कोई सरोकार है। अगर किसी की अहमियत है तो वो है खुदा की बारगाह में बंदगी का खालिस अहसास और खुदा के दीगर बंदों के साथ इन्केसारी, खुलूस और मुहब्बत के रिश्ते को कमाल की मंज़िल तक ले जाकर ऐसे मुआशरे को बनाने में मददगार बनना जहां हर गरीब, यतीम और बेवा खुद को महफूज और आजाद महसूस करते हुए अपनी जायज जरुरियात को आसानी से पूरा कर सके ।

अगर इंसान शुक्र और इन्केसारी के इस अहसास को महसूस करके अपनी रोजमर्रा की ज़िन्दगी में शामिल कर पाता है तो यक़ीनन ईद अपने मकसद में कामयाब होगी और अगर इस अहसास से दूर हैं तो शानदार कपड़ों, बेहतरीन खुशबुओं और महंगें पकवानों के दिखावे को सिर्फ. स्टेटस सिंबल ही माना जाएगा जिनका खुशी के बुनियादी उसूल से कोई रिश्ता नहीं है।

दुनिया के मौजूदा हालात में मजलूमों की हिमायत हर हाल में वाजिब है इसलिए कोशिश होनी चाहिए कि उनके हक में खुदा की बारगाह में दुआओं के लिए हाथों को उठाने के साथ साथ उन तक खुशी का अहसास पहुंचाने के लिए अपनी जरूरतों को कुछ कम करके जल्द से जल्द और ज्यादा से ज्यादा उनकी जरूरतें पूरी करने की कोशिश करनी चाहिए।

# पंप के सोलर पैनल चोरी होने से किसानों में बढ़ी चिंता

(जीएनएस)।

खखरेरू। थाना क्षेत्र के कठरिया गांव में सबमर्सिबल पंप के सोलर पैनल चोरी होने के बाद किसानों में चिंता बढ़ गई है। पीड़ित ने चोरी होने की शिकायत थाने में की है।

कठरिया गांव निवासी कुंदन सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र में बताया कि घर से करीब 2 सौ मीटर की दूरी पर स्थित उनके खेत में सबमर्सिबल पंप लगा हुआ है। वह इसमें 90 हजार की लागत से सोलर पैनल लगवाए थे। शुक्रवार सुबह जब उनके चाचा पंप गए तो तो वहां से पैनल गायब मिले। घर के नजदीक हुई इस चोरी से ग्रामीणों में रोष है। उनका कहना है कि जब आबादी के पास लगे उपकरण सुरक्षित नहीं हैं, तो दूर खेतों में लगे पंपों की सुरक्षा को लेकर चिंता स्वाभाविक है। थाना प्रभारी विद्या प्रकाश सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है, मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



# 'खेल से खुशी'पहल से बाराबंकी में खेलों तक पहुँच और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा

बाराबंकी, उत्तर प्रदेश

'खेल से खुशीः युवाओं के लिए खेल'पहल के अंतर्गत सतरिख मिनी स्टेडियम में एक सफल कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों, किशोरों, समुदाय के सदस्यों और विभिन्न हितधारकों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम का उद्देश्य खेलों को बढ़ावा देना और सामुदायिक कल्याण को सशक्त करना है।

यह पहल सीआईआई फाउंडेशन द्वारा संचालित है, जिसे हेल एनर्जी का सहयोग प्राप्त है तथा ताराश्री फाउंडेशन के साथ साझेदारी में लागू किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरूआत ताराश्री फाउंडेशन की संस्थापक सुश्री विभा एवं सुश्री इप्शा सिंह द्वारा स्वागत और पहल के परिचय से हुई, जिसमें युवाओं के विकास हेतु सुलभ खेल अवसंरचना के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इसके बाद फेलोशिप कार्यक्रम की प्रतिभागियों ने 'अरमान हूँ मैं'गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को प्रेरणादायक स्वर प्रदान किया।




कार्यक्रम में सुश्री आकांक्षा गुप्ता, उप-जिलाधिकारी (रऊट), बाराबंकी एवं सुश्री प्रीति वर्मा, खंड विकास अधिकारी (इऊड), हरख ब्लॉक की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने बच्चों और किशोरों को उनके समग्र विकास के लिए खेलों में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया।

कार्यक्रम की प्रमुख झलकियों में स्टेडियम में खेल सुविधाओं का उद्घाटन तथा वॉलीबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन, बास्केटबॉल और टेबल टेनिस के लिए स्पोर्ट्स किट का वितरण शामिल रहा। साथ ही तारा मेमोरियल टेबल टेनिस चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेताओं को ट्रॉफी एवं अन्य प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को स्पोर्ट्स किट भी प्रदान की गईं, जिससे खेलों में उनकी निरंतर भागीदारी सुनिश्चित हो सके और नियमित शारीरिक गतिविधि को बढ़ावा मिले।

इस अवसर पर श्री सुनील मिश्रा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, सीआईआई फाउंडेशन ने युवाओं के विकास में खेलों की भूमिका पर बल देते हुए कहा कि भारत वर्ष 2036 में ओलंपिक की मेजबानी की दिशा में अग्रसर है और ऐसी पहलें युवाओं को वैश्विक मंच तक पहुँचाने में सहायक होंगी। कार्यक्रम में श्री अतुल कुमार सिंह, निदेशक, गणपति एग्रो ने भी अपने विचार साझा किए। समापन संबोधन श्री आलोक शुक्ला, निदेशक एवं उत्तर प्रदेश राज्य प्रमुख, भारतीय उद्योग परिसंघ (उक्क) द्वारा किया गया।

'खेल से खुशीः युवाओं के लिए खेल'पहल का उद्देश्य बच्चों और किशोरों के लिए खेलों तक समान अवसर सुनिश्चित करना, उनमें आत्मविश्वास एवं जीवन कौशल का विकास करना, विशेष रूप से बालिकाओं की भागीदारी को बढ़ावा देना, तथा संरचित मंचों के माध्यम से सामुदायिक सहभागिता को सुदृढ़ करना

# ठाकुरगंज के बीएएलएस इंटर कॉलेज में मनाया गया ईद उत्सव

लखनऊ। ठाकुरगंज स्थित बी एल एस इंटर कॉलेज में ईद का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्सवी माहौल देखने को मिला और चारों ओर खुशियों की रौनक बिखरी रही। कार्यक्रम के दौरान छोटे-छोटे बच्चों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। वहीं बच्चों ने एक-दूसरे को सेवइयां खिलाकर भी ईद की मुबारकबाद दीं, जिससे आपसी प्रेम और भाईचारे का सुंदर संदेश देखने को मिला। विद्यालय को इस अवसर पर आकर्षक रूप से सजाया गया था, जो सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। रंग-बिरंगी सजावट और उत्सव का माहौल बच्चों के उत्साह को और बढ़ा रहा था। विद्यालय के मैनेजर संदीप साहू ने बताया कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आपसी प्रेम और सहयोग की भावना को बढ़ावा देते हैं। इस अवसर पर डायरेक्टर प्रदीप साहू, प्रधानाचार्य रवि किशोर, उप-प्रधानाचार्य रोमा जाफरी के साथ शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहे।




## महिलाओं के साथ मारपीट करने का वीडियो वायरल

(जीएनएस)।

खखरेरू। थाना क्षेत्र में महिलाओं के साथ मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वायरल वीडियो रोहिल्लापुर गांव का बताया जा रहा है। इसमें जमीनी विवाद को लेकर खखरेरू थाने में तैनात एक चौकीदार महिलाओं के साथ मारपीट और अभद्र व्यवहार करता नजर आ रहा है। वीडियो में कथित रूप से गाली-गलौज की भी आवाज सुनाई दे रही है। हालांकि, वायरल वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है, लेकिन इसे लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। लोगों का कहना है कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो यह महिला सम्मान और कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। वहीं, महिला सशक्तिकरण के दावों के बीच इस तरह की घटना सामने आने से लोगों में असंतोष देखा जा रहा है। सोशल मीडिया पर भी वीडियो को लेकर विभिन्न तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। इस संबंध में थाना प्रभारी विद्या प्रकाश सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो नया नहीं, बल्कि कई महीने पुराना है। उन्होंने कहा कि संबंधित लोगों के बीच घर के बंटवारे को लेकर आपसी कहासुनी हुई थी, जिसका यह वीडियो बताया जा रहा है। मामले को लेकर आवश्यक जानकारी जुटाई जा रही है।

# बिना सुरक्षा उपकरण के बिजली खंभे पर काम करता दिखा मजदूर, बड़ा हादसा होने की आशंका

(जीएनएस)।

शक्तिनगर ( सोनभद्र)। बीना चौकी क्षेत्र के अंतर्गत शक्तिनगर-वाराणसी मुख्य मार्ग पर स्थित रेहटा मोड़ के पास एक मजदूर बिजली के खंभे पर बिना किसी सुरक्षा उपकरण के काम करता हुआ दिखाई दिया। यह नजारा न सिर्फ चौंकाने वाला था, बल्कि एक संभावित बड़े हादसे की ओर भी इशारा करता है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मजदूर बिना सेफ्टी बेल्ट व अन्य आवश्यक सुरक्षा साधनों के ऊंचाई पर चढ़कर काम कर रहा था। ऐसे में उसकी जान को गंभीर खतरा बना हुआ था।

सूत्रों की मानें तो इससे पहले भी खड़िया क्षेत्र में इसी तरह की लापरवाही के चलते हादसा हो चुका है, जिसमें मजदूर की जान जोखिम में पड़ी थी। बावजूद इसके, बिजली विभाग की कार्यप्रणाली में कोई सुधार देखने को नहीं मिल रहा है।

आखिर कब तक मजदूरों की जान के साथ इस तरह खिलवाड़ होता रहेगा? कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाए, ताकि भविष्य में किसी भी अनहोनी से बचा जा सके।



# मुस्लिम समाज ने पुष्प वर्षा कर चेटी चंड जुलूस का किया भव्य स्वागत



**ईद की पूर्व संध्या पर पेश की गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल**

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में एक बार फिर सामाजिक सद्भाव, एकता और भाईचारे की अद्भुत मिसाल देखने को मिली। ईद की पूर्व संध्या पर मुस्लिम समाज के लोगों ने सिंधी समाज के पावन पर्व चेटी चंड के अवसर पर निकाले गए भव्य जुलूस का दिल खोलकर स्वागत किया। यह दृश्य न सिर्फ शहरवासियों के लिए प्रेरणादायक रहा, बल्कि गंगा-जमुनी तहजीब की जीवंत तस्वीर भी पेश कर गया।

केसरबाग चौराहे पर आयोजित इस स्वागत समारोह में मुस्लिम समाज के गणमान्य लोगों एवं विशिष्ट नागरिकों ने जुलूस पर पुष्प वर्षा कर और माल्यार्पण कर साईं हरीश लाल जी का जोरदार अभिनंदन किया। वातावरण में उत्साह, श्रद्धा और सौहार्द का अनूठा संगम देखने को मिला।

ज्ञात हो कि भगवान झूलेलाल, जिन्हें वरुण देवता का अवतार माना जाता है, के प्राकट्य दिवस पर सिंधी समाज अपना नववर्ष मनाता है। इसी पावन अवसर पर हर वर्ष चेटी चंड की भव्य शोभायात्रा निकाली जाती है, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई केसरबाग पहुंची।

इस ऐतिहासिक स्वागत में मुस्लिम समाज ने आपसी सौहार्द की शानदार मिसाल देते हुए रोजा खोलते खोलते ही शोभायात्रा का हार फूल माला पहना कर और पुष्प वर्षा करते हुए स्वागत किया।

मुस्लिम समुदाय में शामिल वरिष्ठ पत्रकार अब्दुल वहीद, जुबेर अहमद, तौसीफ हुसैन, नजम अहसन, परवेज अख्तर, वामिक खान के साथ समाजसेवी अब्दुल रशीद, मो. मुख्तार, तौसीफ आलम, आरिफ मुकीम, अब्दुल मोईद, शामिल रहे, साथ ही अवधेश सोनकर,राजेश साहू और अमरजीत कुरील सहित कई प्रमुख लोग मौजूद रहे।

वहीं सिंधी समाज की ओर से मुरलीधर आहूजा, मोहनदास लाधानी, विवेक लाधानी, वीरेंद्र खत्री, संजय जेसवानी, श्यामलाल कृष्णानी, अशोक मोतियानी, सतीश अथवानी, रतन मेघानी, अशोक चंदवानी, अनिल बजाज, सतेंद्र भवनानी, महेश दीक्षित, दर्शन लाल एवं साईं किशनलाल जी ने मुस्लिम समाज और पत्रकारों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

मुरलीधर आहूजा ने इस अवसर पर सभी को ईद की अग्रिम मुबारकबाद देते हुए देश में अमन, शांति और भाईचारे की कामना की।

यह आयोजन इस बात का प्रमाण है कि विविधताओं से भरे हमारे समाज में आपसी प्रेम और सम्मान ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है।

RNI No.: UPHIN/25/A1698 Published & Owned by RAGINI JIGNESHKUMAR VAGHELA and Printed By SUSHILA SHUKLA at Krishna Printiers, 271/31 Chakmaki Dugawa, Rajendranagar, Lucknow-226018, Uttar Pradesh.
and Published from 538 GHA/85 Pataurganj, Near Janki Prasad Dharmshala, Sitapur Road, Niralanagar, Lucknow-226020, Uttar Pradesh. Editor : VINOD KUMARI
Regd.Office : B/13, Sneh Plaza Shopping Center, I.O.C. Road, Chandkheda, Ahmedabad - 382 424 Gujarat,India. Phone : (o) 7698333307 (M) 8485951747,7096333307
Email:navsarjansanskruti2016@gmail.com*navsarjansanskruti2016@yahoo.com*Website : www.navsarjansanskruti.com

# सम्पादकीय

## पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव को लेकर तेज हो रही राजनीतिक बयानबाजी

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव 2026: सियासी मुकाबला, आरोप-प्रत्यारोप और लोकतंत्र का बड़ा इम्तिहान, वुल मिलाकर, 2026 के ये विधानसभा चुनाव भारतीय लोकतंत्र के लिए एक बड़ा इम्तिहान हैं। एक ओर जहां राजनीतिक दल अपनी-अपनी रणनीतियों के साथ मैदान में हैं, वहीं दूसरी ओर चुनाव आयोग निष्पक्ष और पारदशा चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध दिखाई दे रहा है।

भारत में एक बार फिर लोकतंत्र का महापर्व शुरू हो चुका है। चुनाव आयोग ने असम, केरल, तमिलनाडु, पमि बंगाल और वेंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। इस घोषणा के साथ ही देश की राजनीति में हलचल तेज हो गई है और सभी दल चुनावी मैदान में पूरी ताकत से उतर चुके हैं। इन पांचों राज्यों में वुल 824 सीटों पर मतदान होना है और लगभग 17.4 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। यह संख्या कई बड़े देशों की आबादी के बराबर है, जिससे इन चुनावों की अहमियत का अंदाजा लगाया जा सकता है।

चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि आचार संहिता लागू हो चुकी है और अब सभी राजनीतिक दलों को इसके नियमों का पालन करना होगा।

चुनाव कार्यंव्रम के अनुसार पमि बंगाल में दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को मतदान होगा, जबकि तमिलनाडु में 23 अप्रैल को एक ही चरण में वोटिग कराई जाएगी। असम, केरल और पुडुचेरी में 9 अप्रैल को मतदान होगा और सभी राज्यों के नतीजे 4 मई को घोषित किए जाएंगे। इस तरह चुनाव प्रिया करीब 51 दिनों तक चलेगी।

पिछली बार पमि बंगाल में आठ चरणों में मतदान हुआ था, लेकिन इस बार इसे घटाकर दो चरणों में सीमित किया गया है, जिससे प्रशासनिक प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाया जा सके। चुनाव आयोग ने इस बार पारर्दशिता और निष्पक्षता को लेकर कई नए प्रयोग किए हैं। मुख्य चुनाव आयुत्त ने बताया कि मतदाता सूची को शुद्ध बनाने के लिए विशेष पुनरीक्षण प्रिया लागू की गई, जिससे अयोग्य नामों को हटाया जा सके। इसी प्रिया के तहत तमिलनाडु में सबसे ज्यादा करीब 74 लाख नाम हटाए गए, जबकि पमि बंगाल में लगभग 58 लाख नाम सूची से बाहर किए गए।

केरल, असम और पुडुचेरी में भी हजारों नाम हटाए गए हैं। इस कदम को लेकर विपक्ष ने सवाल उठाए हैं, जबकि आयोग का कहना है कि यह प्रिया संविधान के अनुसार और पूरी पारर्दशिता के साथ की गई है।

चुनाव आयोग ने मतदान प्रिया को सुरक्षित और पारदशा बनाने के लिए सभी बूथों पर 100 प्रतिशत वेबकास्टग की व्यवस्था करने की घोषणा की है। इसके अलावा मोबाइल फोन को मतदान वेंद्र के अंदर ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा, जिससे किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या प्रभाव डालने की संभावना कम हो सके। आयोग ने यह भी सुनिाति किया है कि एक मतदान वेंद्र पर 1200 से अधिक मतदाता न हों, ताकि मतदान सुचारू रूप से हो सके। दूरस्थ और दुर्गम इलाकों में भी मतदान वेंद्र बनाए गए हैं, जहां अधिकारी कठिन परिस्थितियों में पहुंचकर चुनाव संपन्न कराते हैं।

केरल और असम के कई क्षेत्रों में मतदान दलों को कई किलोमीटर पैदल चलकर बूथ तक पहुंचना पड़ता है, जो भारत के लोकतंत्र की मजबूती को दशार्ता है। चुनाव की घोषणा के साथ ही राजनीतिक बयानबाजी भी तेज हो गई है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने चुनाव आयोग पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि आयोग और भाजपा के बीच जुगलबंदी चल रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव कार्यंव्रम की टाइमिग से यह स्पष्ट होता है कि सत्ताधारी दल को फायदा पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। वहीं भाजपा नेताओं ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि विपक्ष अपनी हार की आशंका से पहले ही बहाने बना रहा है। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने चुनाव घोषणा के बाद सोशल मीडिया पर ''यतो धर्मस्ततो जयः''

# पीएम मोदी ने थाईलैंड के प्रधानमंत्री अनुतिन को दी बधाई, कहा- और मजबूत करेंगे साझेदारी

नई दिल्ली (जीएनएस)।

**प्रधानमंत्री मोदी ने अनुतिन चर्नविराकुल को थाईलैंड का नया प्रधानमंत्री बनने पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और रणनीतिक रिश्तों को मजबूत करने की बात कही।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को अनुतिन चर्नविराकुल को थाईलैंड का प्रधानमंत्री चुने जाने पर बधाई दी। उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनों नेता मिलकर भारत और बैंकॉक के बीच रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करेंगे। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट साझा किया। उन्होंने कहा कि भारत और थाईलैंड के रिश्ते साझा सभ्यता और संस्कृति पर आधारित हैं। दोनों देशों के लोगों के बीच बहुत पुराने और गहरे संबंध हैं। उन्होंने जोर दिया कि दोनों देश शांति, प्रगति और समृद्धि के साझा लक्ष्यों के लिए एकजुट हैं।





थाईलैंड के निचले सदन ने गुरुवार को अनुतिन चर्नविराकुल को देश का नया प्रधानमंत्री चुना। उन्हें कुल 293 वोट मिले। 59 साल के अनुतिन को 8 फरवरी के आम चुनाव के बाद संसदीय मतदान में चुना गया है। उनके प्रतिद्वंद्वी नत्थाफोंग रुआंगपान्यवुत को सिर्फ 119 वोट मिले। मतदान के दौरान 86 सदस्यों ने हिस्सा नहीं लिया। अनुतिन की पार्टी 'भूमजईथाई' ने 500 सीटों वाले सदन में 191 सीटें जीती थीं। उन्होंने पीपुल्स पार्टी को पीछे छोड़ दिया, जिसे 120 सीटें मिली थीं। इसके बाद अनुतिन ने 16 पार्टियों का एक गठबंधन बनाया। इसमें फेउ थाई पार्टी भी शामिल है। इस गठबंधन के पास कुल 292 सीटें हैं।

अनुतिन पिछले दो दशकों में दोबारा सत्ता में लौटने वाले पहले थाई प्रधानमंत्री बने हैं। हालांकि, उनके सामने कई चुनौतियां भी हैं। उन्हें साल 2022 में भांग (कैनबिस) को अपराध की श्रेणी से बाहर करने के लिए जाना जाता है। अगस्त 2025 में पैतोंगतार्न शिनावात्रा को पद से हटा दिया गया था। कंबोडियाई नेता हुन सेन के साथ उनकी फोन कॉल लीक होने के बाद कोर्ट ने यह फैसला सुनाया था। इसके बाद अनुतिन ने अल्पसंख्यक सरकार का नेतृत्व किया था।

थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सीमा विवाद भी एक बड़ी समस्या है। दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम के बाद फिर से लड़ाई शुरू हो गई थी। इस संघर्ष ने अनुतिन को अपनी राष्ट्रवादी छवि मजबूत करने और बहुमत हासिल करने का मौका दिया। अनुतिन के पिता चवरत चर्नविराकुल ने एक बड़ी निर्माण कंपनी 'सिनो-थाई इंजीनियरिंग एंड कंस्ट्रक्शन' की स्थापना की थी। अनुतिन ने साल 2004 में अरबपति थाक्सिन शिनावात्रा के प्रशासन से राजनीति में कदम रखा था। साल 2007 में कोर्ट ने थाक्सिन की पार्टी को भंग कर दिया था। इसके बाद अनुतिन पर भी पांच साल के लिए राजनीति से प्रतिबंध लगा दिया गया था। इसके बाद वे साल 2012 में भूमजईथाई पार्टी के नेता के रूप में राजनीति में वापस लौटे।

# 'बलदेव का किरदार निभाने के बाद मैं खुद भी ऑनलाइन दुनिया में और ज्यादा सावधान हो गया हूं,'कहते हैं सुधांशु पांडे, कलर्स के शो 'दो दुनिया एक दिल' में

कलर्स का शो 'दो दुनिया एक दिल' प्रीमियर से ही दर्शकों के दिलों में जगह बना चुका है। यह कहानी उस दुनिया की है जहां ऑफलाइन और ऑनलाइन ज़िंदगी सबसे अप्रत्याशित तरीके से टकराती है। इस कहानी के केंद्र में है शिवाय (विक्रम सिंह चौहान), जिसने अपनी ज़िंदगी का सपना इस विश्वास पर बनाया था कि टेक्नोलॉजी इंसानों की मदद कर सकती है। लेकिन एक खतरनाक डिजिटल स्कैम उसकी पूरी दुनिया उजाड़ देता है। वहीं है आध्या (राची शर्मा), एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर, जिसकी पहचान ही ऑनलाइन दुनिया से बनी है। दोनों एक-दूसरे से बिल्कुल अलग हैं, फिर भी प्यार इन दोनों को जोड़ देता है। लेकिन असली ट्विस्ट तब आता है जब पता चलता है कि आध्या, बलदेव सिंह (सुधांशु पांडे) की बेटी है वही शख्स जिसने शिवाय की ज़िंदगी तबाह कर दी। इस डिजिटल दौर में, जहां सच हर पल बदल सकता है और भरोसा एक क्लिक में टूट सकता है, बलदेव सबसे खतरनाक किरदार बन जाता है। सुधांशु पांडे बताते हैं कि डिजिटल युग के विलेन को निभाना उनके लिए क्या मायने रखता है।

यह शो उस नाजुक संतुलन को दिखाता है जिसे लोग रोज अपनी असली और डिजिटल दुनिया के बीच बनाए रखने की कोशिश करते हैं। शिवाय ने एक बड़े धोखे के बाद इंटरनेट से पूरी तरह दूरी बना ली है, जबकि आध्या उसी डिजिटल दुनिया में एक सफल सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के रूप में आगे बढ़ रही है। उनकी कहानी दो बिल्कुल अलग सोच के टकराव को दिखाती है, एक जो अविश्वास से भरी है और दूसरी जो डिजिटल दुनिया की संभावनाओं पर विश्वास करती है।

सुधांशु पांडे के अनुसार, यही टकराव इस कहानी को खास बनाता है। जब शिवाय और आध्या की मुलाकात होती है, तो दो अलग दुनिया के बीच प्यार जन्म लेता है। लेकिन कहानी का सबसे बड़ा मोड़ तब आता है जब यह सच सामने आता है कि आध्या, बलदेव सिंह चौहान की बेटी है, वही व्यक्ति जिसने शिवाय की जिंदगी तबाह कर दी थी। बलदेव के किरदार के जरिए यह शो एक अहम सवाल उठाता है कि क्या इंसान सच में अपने अतीत के किए नुकसान को बदल सकता है।

ड्रामा के साथ-साथ 'दो दुनिया एक दिल' एक मजबूत सामाजिक संदेश भी देता है। साइबर अपराध के बढ़ते खतरे को लेकर जागरूकता फैलाने के लिए कलर्स ने गृह मंत्रालय और इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर (I4C) के साथ



सहयोग किया है। सुधांशु का कहना है कि साइबर फ्रॉड सिर्फ कहानी का हिस्सा नहीं है, बल्कि यह आज के समय की एक सच्चाई है जिसका सामना कई लोग कर रहे हैं। बलदेव भले ही एक काल्पनिक किरदार हो, लेकिन वह जिस चीज का प्रतिनिधित्व करता है, यानी तकनीक का गलत इस्तेमाल और एक छोटी सी गलती से होने वाला बड़ा नुकसान, वह पूरी तरह वास्तविक है।

सुधांशु कहते हैं, 'साइबर फ्रॉड सिर्फ कहानी नहीं है। यह हर दिन असली लोगों के साथ हो रहा है। बलदेव एक काल्पनिक किरदार हो सकता है, लेकिन वह जिस खतरे को दिखाता है वह बिल्कुल असली है। कभी-कभी एक गलत क्लिक या किसी के साथ साझा किया गया ओटीपी पूरी जिंदगी बदल सकता है।'

अपने किरदार के बारे में बात करते हुए सुधांशु बताते हैं कि बलदेव सिंह चौहान ऐसा व्यक्ति है जिसे अपनी बात मनवाने के लिए आवाज ऊँची करने की जरूरत नहीं पड़ती, क्योंकि उसे सिस्टम और लोगों दोनों को समझना आता है। बलदेव एक छिपा हुआ लोन नेटवर्क चलाता है, जो जरूरतमंद लोगों को कर्ज.के जाल में फँसाकर उन्हें चुप्पी और डर में जीने के लिए मजबूर कर देता है। हालांकि यह किरदार सिर्फ एक सीधा-सादा विलेन नहीं है। सुधांशु मानते हैं कि बलदेव भी परिस्थितियों और अपने फैसलों का नतीजा है। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ेगी, दर्शकों को उसके अतीत की परतें और वह रास्ता देखने को मिलेगा जिसने उसे इस मुकाम तक पहुँचाया।

दिलचस्प बात यह है कि इस किरदार की तैयारी के लिए सुधांशु को किसी खास रिसर्च की जरूरत नहीं पड़ी। उनका मानना है कि हर इंसान अपनी जिंदगी में कभी न कभी ऐसे लोगों से मिला होता है जो ऊपर से आकर्षक और आत्मविश्वासी लगते हैं, लेकिन अंदर ही अंदर एक अलग खेल खेल रहे होते हैं। एक अभिनेता के रूप में ऐसे अनुभव किरदारों को समझने और उन्हें जीवंत बनाने में मदद करते हैं।

सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव पर बात करते हुए सुधांशु मानते हैं कि बलदेव का किरदार निभाने के बाद वह खुद भी ऑनलाइन चीजों पर भरोसा करने से पहले ज्यादा सतर्क हो गए हैं। उनके अनुसार सोशल मीडिया ने कलाकारों को दर्शकों से जुड़ने का एक बड़ा मंच दिया है, लेकिन यह अक्सर सिर्फ जिंदगी का एक सजाया हुआ हिस्सा ही दिखाता है। शो में बलदेव इस बात को भली-भांति समझता है कि डिजिटल दुनिया में लोगों की धारणा कितनी ताकतवर हो सकती है और यह किसी की जिंदगी को बना भी सकती है और बिगाड़ भी सकती है।

इस शो की शूटिंग का बड़ा हिस्सा आगरा में किया गया है, जिसने कहानी को और भी वास्तविकता दी है। सुधांशु बताते हैं कि इस ऐतिहासिक शहर की जीवंत गलियाँ, यहाँ के लोग और इसकी भव्यता ने शूटिंग के अनुभव को खास बना दिया। असली लोकेशनों पर शूट करने से दृश्यों में एक अलग ही वास्तविकता और ऊर्जा आ जाती है, जिसे किसी सेट पर दोहराना मुश्किल होता है।

अपने प्रशंसकों के लिए आभार व्यक्त करते हुए सुधांशु कहते हैं कि दो दुनिया एक दिल' की कहानी आज के समय से बहुत जुड़ी हुई है। उनके अनुसार दर्शक इस शो के किरदारों की भावनाओं से जरूर जुड़ेंगे, क्योंकि यह कहानी प्यार, भरोसे और फैसलों के असर को उस दुनिया में दिखाती है जहाँ डिजिटल जिंदगी का प्रभाव लगातार बढ़ता जा रहा है।

'दो दुनिया एक दिल' देखना न भूलें, हर सोमवार से शुक्रवार रात 9:00 बजे, केवल कलर्स और जियोहॉटस्टार पर।

# बेटे की भावुक अपील ने जीता सबका दिल

**'मोदी जी कह देंगे तो पापा दवा खा लेंगे': पीएम की इंस्टा स्टोरी वायरल; बेटे की भावुक अपील ने जीता सबका दिल**

(जीएनएस)।

इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर करते हुए में पीएम मोदी ने लिखा 'युवराज के अनुरोध पर, मैं उनके पिता (और सभी से) आग्रह करूंगा कि वे चीनी का सेवन कम करें... स्वस्थ रहें, खुश रहें!' स्टोरी सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बनी हुई है। इस स्टोरी में एक युवक अपने पिता को लेकर ऐसी अपील करता नजर आता है, जिसने लोगों को मुस्कुराने के साथ-साथ भावुक भी कर दिया।




वीडियो में युवक हल्के-फुल्के अंदाज में कहता है कि उसके पिता प्रधानमंत्री मोदी के 'जबरदस्त फैन' हैं और उनकी हर बात मानते हैं। इसी भरोसे के साथ वह पीएम मोदी से अनुरोध करता है कि वे अपने लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात में उसके पिता को खास तौर पर संदेश दें कि पापा, डायबिटीज की दवा समय पर लिया करें और अपनी सेहत का ध्यान रखें।

युवक की इस अनोखी गुहार को पीएम ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया और उस पर लिखा कि युवराज के निवेदन पर मैं उनके पिता से कम चीनी खाने और सेहत का ध्यान रखने की अपील करूंगा। लोग इसे एक बेटे की चिंता और प्रधानमंत्री के प्रति आम लोगों के गहरे जुड़ाव के उदाहरण के रूप में देख रहे हैं। इस स्टोरी से पीएम मोदी का एक अलग, मानवीय पक्ष भी सामने आता है, जहां वे आम नागरिकों की छोटी-छोटी लेकिन दिल से जुड़ी बातों को भी मंच देते हैं।

पीएम ने दिया मीठा कम योग ज्यादा का संदेश

पीएम मोदी ने अगली स्टोरी में मीठा कम और योग ज्यादा का भी संदेश दिया। इस स्टोरी में पीएम ने लिखा, अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दें, अच्छा खाएं, स्वस्थ भोजन करें। साथ ही ज्यादा चीनी के नुकसान, मोटापे के खतरे और योग को जीवन का हिस्सा बनाने की सलाह भी दी गई।

# सीएम योगी आज करेंगे मानव-वन्यजीव संघर्ष व वानिकी के नायकों को सम्मानित, जुटेंगे देश भर के विशेषज्ञ

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विश्व वानिकी दिवस पर मानव-वन्यजीव संघर्ष और वानिकी में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित करेंगे।**

**बहराइच के अच्छे लाल और प्रयागराज की तनु सिंह भी होंगे सम्मानित।**

**'अरण्य समागम' में 17 राज्यों के वन विशेषज्ञ करेंगे चर्चा।**

लखनऊ। विश्व वानिकी दिवस के मौके पर शनिवार को मानव-वन्यजीव संघर्ष व वानिकी के क्षेत्र में अच्छा काम करने वालों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सम्मानित करेंगे। इनमें बहराइच के 10 वर्षीय बालक अच्छे लाल व प्रयागराज की 18 वर्षीय युवती तनु सिंह शामिल हैं।

अच्छे लाल पर तेंदुए ने हमला कर दिया था, उसने बहादुरी का परिचय देते हुए स्वयं को बचाया था। तनु के घर तेंदुआ घुस गया था उसने बिना डरे साहस व सूझ-बूझ का परिचय दिखाते हुए स्वयं व दो छोटे बच्चों को कमरे से बाहर किया और तेंदुए को कमरे में बंद कर दिया था। बिना किसी जनहानि के तेंदुए को सुरक्षित रेस्क्यू किया जा सका था।



वन मंत्री डा. अरूण कुमार सक्सेना ने शुक्रवार को प्रेस कान्फ्रेंस में बताया कि शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित 'अरण्य समागम राष्ट्रीय वानिकी संवाद' कार्यक्रम का मुख्यमंत्री उद्घाटन करेंगे। इसमें करीब 17 प्रदेशों के प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं विभागाध्यक्ष के साथ ही कैंपा (क्षतिपूर्ति वनीकरण कोष प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण) के सीईओ व विशेषज्ञ शामिल होंगे।

मुरादाबाद वन प्रभाग के उप क्षेत्रीय वन अधिकारी पुष्पेन्द्र सिंह को भी इसमें सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने पिछले तीन वर्षों में 12 तेंदुओं को रेस्क्यू कर वापस उनके प्राकृतवास में सुरक्षित छुड़वाया है।

तीन तकनीकी सत्र में पहला वन प्रबंधन का आधुनिकीकरण एवं डिजिटल एकीकरण है। दूसरा वन एवं वन्यजीव क्षेत्रों के आसपास मानव-वन्यजीव संघर्ष निवारण के तरीके है। इसमें विभिन्न प्रदेश अपनी-अपनी तकनीक पर विस्तार से चर्चा करेंगे। तीसरा सत्र वनीकरण एवं वन्यजीव संरक्षण कार्यों में कैंपा धनराशि का प्रभावी उपयोग एवं वित्तीय जवाबदेही है।

मुख्यमंत्री पीलीभीत टाइगर रिजर्व व सोहेलवा वन्यजीव प्रभाग की काफी टेबल बुक का विमोचन, वन विभाग की लघु फिल्मों का अनावरण भी करेंगे। कार्बन क्रेडिट के तहत तीन किसानों बिजनौर की कोमल सिंह, कुशीनगर के ईश्वर चन्द्र व रायबरेली की सुनीता को चेक दिए जाएंगे।

# पाकिस्तान में बैन होने के बावजूद रणवीर सिंह की 'धुरंधर 2' देख रही पब्लिक, मेकर्स की बढ़ी चिंता

(जीएनएस)।

19 मार्च 2026 को रिलीज हुई रणवीर सिंह स्टारर धुरंधरः द रिवेंज भले ही पाकिस्तान में ऑफिशियली बैनरही, लेकिन यह फिल्म वहां धड़ल्ले से देखी जा रही है। रिपोर्ट्स की माने तो पायरेटेड वर्जन इंटरनेट पर तेजी से वायरल हुआ है। रिलीज के कुछ ही घंटों के भीतर इसके लिंक कई प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध हो गए। जिससे फिल्म के मेकर्स की चिंता बढ़ गई।

मामला तब सुर्खियों में आया जब पाकिस्तानी पत्रकार खालिद महमूद खालिद ने लाहौर में फिल्म देखने का दावा करते हुए एक वीडियो साझा किया। इस क्लिप में स्क्रीन पर वॉटरमार्क दिखाई दे रहा था, जो यह संकेत देता है कि फिल्म अनऑफिशियल माध्यम से देखी जा रही थी। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया।



बैन के बावजूद दर्शकों की पहुंच

निर्देशक आदित्य धर की इस जासूसी थ्रिलर को पाकिस्तान के अलावा कई खाड़ी देशों में भी रिलीज की अनुमति नहीं मिली। इसके बावजूद दर्शक टॉरेंट साइट्स, टेलीग्राम चैनलों, वीपीएन और विदेशी स्ट्रीमिंग लिंक के जरिए फिल्म देख रहे हैं। धुरंधर फ्रेंचाइजी के लिए यह स्थिति नई नहीं है। पहली फिल्म धुरंधर को भी पाकिस्तान में भारी पायरेसी का सामना करना पड़ा था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रिलीज के शुरूआती दिनों में ही इसके लाखों अवैध डाउनलोड दर्ज किए गए थे, जिसने कई बड़ी फिल्मों के रिकॉर्ड तोड़ दिए थे।

भारत में सख्त कानूनी कार्रवाई

भारत में पायरेसी को रोकने के लिए मद्रास उच्च न्यायालय ने रिलीज से पहले ही सख्त कदम उठाए। अदालत ने इंटरनेट सेवा प्रदाताओं और केबल ऑपरेटरों को फिल्म के अवैध प्रसारण या स्ट्रीमिंग से रोक दिया। यह आदेश 15 अप्रैल 2026 तक लागू रहेगा। फिल्म के निमार्ता फी’ल्ली क्ल्ल४र३१४२ छेर्ही और जियो स्टूडियो ने अदालत में दलील दी थी कि पायरेसी से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हो सकता है।

कानून के तहत सख्त सजा

भारतीय कानून के अनुसार, पायरेटेड कंटेंट देखने या डाउनलोड करने पर 3 लाख रुपये तक का जुमार्ना लगाया जा सकता है। गंभीर मामलों में यह जुमार्ना फिल्म की कुल लागत के प्रतिशत तक भी पहुंच सकता है।

पायरेसी की समस्या के बावजूद धुरंधरः द रिवेंज बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। हालांकि, अवैध प्रसारण से फिल्म के कुल कारोबार पर असर पड़ने की आशंका बनी हुई है।

# सीएम योगी बोले- बेमौसम बारिश से बर्बाद फसलों का तत्काल दें मुआवजा, राहत कार्यों में देरी न हो

लखनऊ (जीएनएस)।

मुख्यमंत्री ने बेमौसम बारिश से क्षतिग्रस्त फसलों का तत्काल मुआवजा देने के निर्देश दिए। अधिकारियों को फील्ड में जाकर नुकसान का आकलन करने और राहत कार्य तुरंत शुरू करने को कहा। भुगतान पारदर्शी और समयबद्ध होगा। सरकार किसानों के हितों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह सक्रिय रहेगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में बेमौसम बारिश से क्षतिग्रस्त फसलों के नुकसान का आकलन कर तत्काल मुआवजा देने का निर्देश दिया है। साथ ही अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने को कहा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसानों के हितों से किसी भी



प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। राहत पहुंचाना प्राथमिकता होनी चाहिए। सभी डीएम फील्ड में निकलकर स्थिति का जायजा लें और प्रभावित क्षेत्रों में फसलों को हुए नुकसान का तत्काल आकलन कराएं।

उन्होंने कहा कि यह कार्य केवल कागजी न होकर वास्तविक स्थिति के आधार पर किया जाए, ताकि किसानों को सही और समय पर सहायता मिल सके। राहत आयुक्त फील्ड के अधिकारियों से सीधा संपर्क और समन्वय रखें।

सभी सूचनाएं जुटकर शासन भेजें, जिससे राहत कार्यों में देरी न हो। भुगतान पारदर्शी और समयबद्ध हो। प्रदेश सरकार किसानों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है और किसी भी आपदा की स्थिति में उन्हें सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। अधिकारी संवेदनशीलता के साथ कार्य करें ताकि किसी भी किसान को परेशानी का सामना न करना पड़े।

# पीलीभीत में छेड़छाड़ व पॉक्सो एक्ट के मामले में आरोपी को 4 साल की सजा, 20 हजार जुमार्ना

(जीएनएस)।

ऑपरेशन कनविक्शन के तहत पुलिस की मजबूत पैरवी रंग लाई, न्यायालय ने सुनाया फैसला

पीलीभीत।

जनपद पीलीभीत में छेड़छाड़ व पॉक्सो एक्ट से जुड़े एक मामले में माननीय न्यायालय ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए 4 वर्ष के कारावास एवं 20,000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह सफलता पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान और प्रभावी अभियोजन का परिणाम मानी जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 15 फरवरी 2019 को थाना बीसलपुर में मु0अ0सं0 72/2019 धारा 452/354 क्ढउ व 7/8 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान पुलिस ने साक्ष्यों को संकलित कर आरोपी रविशंकर पुत्र इतवारी लाल निवासी मोहल्ला दुर्गा प्रसाद, थाना बीसलपुर के खिलाफ 2 अक्टूबर 2019 को आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया।

मामले की सुनवाई माननीय न्यायालय एएसजे/पॉक्सो प्रथम, पीलीभीत में हुई, जहां अभियोजन पक्ष की प्रभावी पैरवी और पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने 20 मार्च 2026 को आरोपी को दोषी करार दिया।

न्यायालय ने आरोपी को 4 वर्ष के कारावास के साथ 20,000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। इस निर्णय को पुलिस की सशक्त कार्यवाही और 'ऑपरेशन कनविक्शन'अभियान की बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है।

# गांव में फैली बीमारियों को देखते हुए भड़के भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्य चिकित्साअधिकारी को भेजा पत्र

(जीएनएस)।

पीलीभीत/बीसलपुर।गांव रामपुरा रना में डेंगू मलेरिया टाइफाइड जैसी बीमारियां उत्पन्न हो गई है ग्रामीणों के कहने पर भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर गांव में स्वास्थ्य कैंप लगाने की मांग की है

बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव रामपुरा रना में डेंगू मलेरिया टाइफाइड जैसी भयंकर बीमारियां फैलने लगी है कई लोगों में बुखार के लक्षण पाए गए जिसको देखते हुए भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के प्रदेश अध्यक्ष हरिओम सिंह चौहान ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आलोक कुमार शर्मा को प्रार्थना पत्र भेजकर गांव में स्वास्थ्य शिविर लगवाएं जाने की मांग की ताकि ग्रामीणों की जांच कर डेंगू मलेरिया टाइफाइड का सही तरीके से इलाज हो सके,

# जल्द आने वाला है व्हाट्सएप में नया प्राइवेसी फीचर

व्हाट्सएप में जल्द नया प्राइवेसी फीचर आने वाला है, अब यूजर्स बिना मोबाइल नंबर शेयर किए भी चैट कर सकेंगे, कंपनी 2026 में 'यूजरनेम'फीचर लॉन्च करने की तैयारी में है, इसके जरिए लोग यूनिक @४२ी१ल्लों से सर्च होकर जुड़ सकेंगे, मैसेज और कॉल कर सकेंगे तथा ग्रुप्स में शामिल हो सकेंगे

इस फीचर में यूजर्स अपना मोबाइल नंबर छिपा सकेंगे, जिससे अनजान लोगों से स्पैम मैसेज कम होंगे और प्राइवेसी बेहतर होगी, एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन पहले की तरह ही जारी रहेगा




बीटा वर्जन में यूजरनेम के कुछ नियम सामने आए हैं, जिसमें छोटे अक्षर, नंबर, डॉट और अंडरस्कोर का इस्तेमाल होगा और कम से कम एक लेटर जरूरी होगा, स्पेशल कैरेक्टर की अनुमति नहीं होगी

रिपोर्ट्स के अनुसार व्हाट्सएप ने इस फीचर की टेस्टिंग शुरू कर दी है और 2026 के मध्य तक इसे आम यूजर्स के लिए रोलआउट किया जा सकता है

# गद्दी गैंग का सरगना आसिफ गाजी गिरफ्तार

(जीएनएस)।

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के दुबग्गा क्षेत्र में लूट और मारपीट के मामले में आरोपी वांछित चल रहा था पुलिस ने दबिश देकर मुख्य आरोपी को पकड़ लिया।



25 फरवरी 2026 को घर में घुसकर वारदात को अंजाम दिया गया था आरोपियों ने पीड़ित के साथ मारपीट कर नकदी और मोबाइल लूट लिया था। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया था। मामला मीडिया में आने के बाद पुलिस ने तेजी से कार्रवाई शुरू कर दी थी पुलिस ने पहले ही गैंग के अन्य सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी थी। लेकिन सरगना आसिफ गाजी फरार चल रहा था। दुबग्गा पुलिस ने मुखबिर की सूचना और लगातार दबिश के बाद गिरफ्तारी हुई। 20 मार्च 2026 को दुबग्गा इलाके से आरोपी को पकड़ा गया आरोपी के पास से लोहे की रॉड बरामद हुई इसी रॉड का इस्तेमाल वारदात में किया गया था। पुलिस के अनुसार आरोपी का लंबा आपराधिक रिकॉर्ड है उस पर कई गंभीर धाराओं में पहले से मुकदमे दर्ज हैं।

# केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी से डॉ. डीपी गंगवार की शिष्टाचार भेंट

(जीएनएस)।

बीसलपुर विधानसभा (130) के पूर्व प्रत्याशी डॉ. डी.पी. गंगवार ने मंगलवार को



नई दिल्ली स्थित आवास पर भारत सरकार के केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री एवं उत्तर प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता माननीय पंकज चौधरी से शिष्टाचार भेंट की।

इस दौरान नई दिल्ली। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) बरेली के प्रेसिडेंट इलेक्ट डॉ. डीपी गंगवार ने स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की तथा संगठनात्मक विषयों पर भी विचार-विमर्श किया। मुलाकात के दौरान उनके साथ परी गंगवार तथा अमन क्राइम के रिपोर्टर सुमित अवस्थी भी मौजूद रहे।

डॉ. डीपी गंगवार ने इस भेंट को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि जनसेवा और स्वास्थ्य क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए उन्हें मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है।

# समारोह में पुरस्कृत हुई माध्यमिक व जूनियर वर्ग की छात्र-छात्राएं

(जीएनएस)।

पीलीभीत/बीसलपुर बालाजी गर्ल्स इंटर कॉलेज में आयोजित हुए समारोह में माध्यमिक व जूनियर वर्ग की टॉपर्स छात्राओं को परीक्षा फल वितरित किए गए। विद्यालय की प्रबंधिका राधा अग्रवाल , सह प्रबंधक धनंजय सिंह, उपाध्यक्ष डॉ राजेश अग्रवाल स्वास्थ्य सामुदायिक केंद्र की डॉक्टर ललिता रस्तोगी एवं बालाजी गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य अर्चना चौहान ने माध्यमिक व जूनियर कक्षाओं में प्रथम द्वितीय व तृतीय अंक पाने वाली छात्राओं को परीक्षा फल प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया।

माध्यमिक वर्गमें अंशिका सिंह ने 93 .82 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया ।जूनियर वर्ग में आस्था गंगवार ने 98 . 80 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रांतीय स्तर प्रतियोगिता सरस्वती प्रतिभा खोज में अंशिका गंगवार ने प्रांत में तृतीय स्थान प्राप्त किया और प्रांत के द्वारा 5100 रुपए की धनराशि पुरस्कार के रूप में प्राप्त की।

# जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बीसलपुर पीलीभीत में चल रहे 3 दिवसीय ट्रेनिंग फॉर टीचर एजुकेटर शिक्षक प्रशिक्षण का हुआ समापन



(जीएनएस)।

पीलीभीत /बीसलपुर परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, कंपोजिट विद्यालय तथा कस्तूरबा गांधी विद्यालयों के शिक्षक/ शिक्षिकाओं को दिनांक 17/03/2026 से 19/03/2026 तक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, क्रियात्मक शोध तथा समावेशी शिक्षा विषयक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीसलपुर के डॉक्टर एवं उनकी टीम के द्वारा स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर प्रशिक्षण दिया गया जिसमें उन्होंने विभिन्न बीमारियों, आकस्मिक घटनाओं पर चर्चा करते हुए उनसे बचने के तरीके भी बताए। साथ ही उन्होंने उढफ देने का प्रैक्टिकल भी करके दिखाया। संस्थान की प्रवक्ता स्मिता लोधी ने स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर विस्तृत चर्चा की।प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस पर राजकीय डिग्री कॉलेज हेमपुर के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. दिनेश कुमार, शफी डिग्री कॉलेज के प्रवक्ता डॉ. रविंद्र पाल सिंह गंगवार तथा संस्थान के प्रवक्ता अमित कुमार शर्मा द्वारा क्रियात्मक शोध के विषय में विस्तृत चर्चा की गई। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस पर शफी डिग्री कॉलेज के प्रवक्ता डॉ चिरंजीव गंगवार, डॉ. अनिल कुमार एवं संस्थान के प्रवक्ता नीलेश नाथ द्वारा समावेशी शिक्षा पर चर्चा करते हुए छात्र, अभिभावक एवं समुदाय को समाहित करते हुए अपने विद्यालय को किस प्रकार उन्नत बनाना है बताया गया। प्रशिक्षण के समापन पाल संस्थान के प्राचार्य श्री दरवेश कुमार ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण में बताई गई बातों को हमें अपने विद्यालयों में लागू करना चाहिए। इस अवसर पर डायट के समस्त प्रवक्ता, कार्यालय स्टाफ, एवं प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

# पुलिस को मिली बड़ी सफलता

(जीएनएस)।

उन्नाव- पुलिस को मिली बड़ी सफलता, बाइक नगदी सहित 3 शातिर चोर गिरफ्तार।



सवा दो लाख की फ्ता-5 बाइक सहित तीन अन्तर्जनपदीय शातिर चोर गिरफ्तार।

चोरी करने के उकरण वा चोरी के 16 हजार रुपए की नगदी बरामद।

5 माह पूर्व फर चौराहे पर 7 दुकानों का ताला तोड़कर किया था चोरी का प्रयास।

लखनऊ, कानपुर, उरई, जालौन झांसी और उन्नाव में करते थे चोरी।

पुलिस ने तीनों शातिर चोरों को गिरफ्तार कर भेजा जेल।

बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के केशवापुर गाँव के पास से चोरों को किया गया गिरफ्तार।

# जागरूकता रैली निकालकर, दिया पौधारोपण करने का संदेश

पीलीभीत/बीसलपुर, क्षेत्र के ग्राम मचवा खेड़ा स्थित वृद्धा आश्रम में भारत सरकार की अटल वायोअभ्युदय योजना के अंतर्गत चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर में पांचवें दिन गांव में पर्यावरण जागरूकता रैली निकालकर कर पौधारोपण किया। शिविर में अन्य कई कार्यक्रम भी हुए।




शुक्रवार को संस्था में पंजीकृत वृद्धों ने गांव में पर्यावरण जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को अधिक से अधिक पौधारोपण करने को जागरूक किया। बाद में आश्रम परिसर में गमलो में फूलों के पौधे लगाए।

शिविर में योग प्रशिक्षक डॉक्टर पार्थ त्रिपाठी ने वृद्धो को योगाभ्यास कराया ।वृद्धावस्था में होने बाली

कई बीमारियों से बचाव के उपाय बताएं ।प्रशिक्षक सतीश शर्मा द्वारा प्राणायाम, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, सहित कई योगासन कराये। उन्होंने योग के महत्व की जानकारी देते हुए बताया कि नियमित योगाभ्यास से शरीर पूरी तरह से स्वास्थ्य रहता है।

योग से जड़कर कई असाध्य रोगों से मुक्ति मिल जाती है ।योग करते समय बरती जाने वाली आवश्यक सावधानियां बताई। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा वृद्धो का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया व उन्हें निशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गई ।शिविर का संचालन आश्रम की प्रबंधक लक्ष्मी देवी कर रही थी।

# पूरनपुर में जानलेवा हमले के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

(जीएनएस)।

पुलिस की कार्रवाई तेज, मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर पकड़े गए वांछित अभियुक्त

पीलीभीत/पूरनपुर।

थाना पूरनपुर पुलिस ने जानलेवा हमले के मामले में वांछित चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। जानकारी के अनुसार, थाना पूरनपुर में दर्ज मुकदमा संख्या 609/2025 (धारा 333/115(2)/109/351(3) बीएनएस) में वांछित अभियुक्त बाबूराम सक्सेना (59 वर्ष) और



उनका पुत्र हिमांशु सक्सेना (22 वर्ष), निवासी मोहल्ला लाइनपार साहूकारा, को 20 मार्च 2026 को मुखबिर की सूचना पर कारगिल पेट्रोल पंप के पास से गिरफ्तार किया गया।

घटना के अनुसार, वादिनी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपियों ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसके घर में घुसकर लाठी-डंडों से मारपीट की और जान से मारने की नीयत से हमला करते हुए धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी।

पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर उन्हें माननीय न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार पांडेय, उपनिरीक्षक अरुण कुमार सिंह सहित पुलिस टीम की अहम भूमिका रही। पुलिस का कहना है कि शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

# सुनगढ़ी पुलिस ने भैंसा चोरी का किया खुलासा, दो आरोपी

**चोरी किया गया भैंसा व बुग्गी बरामद, आरोपियों को भेजा गया जेल**

(जीएनएस)।

पीलीभीत।

थाना सुनगढ़ी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए भैंसा चोरी की घटना का सफल अनावरण कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी किया गया एक भैंसा व भैंसा बुग्गी भी बरामद की है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के तहत 20 मार्च 2026 को यह सफलता हासिल हुई। थाना सुनगढ़ी में दर्ज मुकदमा




संख्या 111/2026 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस से संबंधित नामजद आरोपी रेहान व जीशान, निवासी इस्लाम नगर (सुनगढ़ी), को पुलिस ने रुपपुर कृपा रोड से गिरफ्तार किया।

मामले के अनुसार, ग्राम रुपपुर कमालू निवासी लालाराम ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपियों ने उसके खेत से भैंसा व बुग्गी चोरी कर ली है। पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की और आरोपियों को चोरी के सामान सहित पकड़ लिया।

गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस टीम की इस कार्रवाई की सराहना की जा रही है।

# सेवानिवृत्त शिक्षक से लूट का खुलासा, जहानाबाद पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

कार व नकदी के साथ पकड़े गए बदमाश, संगठित गिरोह बनाकर देते थे वारदात को अंजाम

(जीएनएस)।

पीलीभीत/जहानाबाद।

थाना जहानाबाद क्षेत्र में सेवानिवृत्त शिक्षक से हुई लूट की घटना का पुलिस ने सफल अनावरण करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त कार व अन्य सामान भी बरामद किया गया है, जबकि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 9 मार्च 2026 को करीब 11 बजे अज्ञात चार बदमाशों ने एक सेवानिवृत्त शिक्षक को बहला-फुसलाकर कार में बैठा लिया



और उनसे 23 हजार रुपये लूटकर रास्ते में उतारकर फरार हो गए थे। इस संबंध में पीड़ित श्याम बिहारी लाल निवासी ग्राम कनाकोर की तहरीर पर थाना जहानाबाद में मुकदमा दर्ज किया गया।

घटना के खुलासे के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में टीम गठित की गई। जांच के दौरान इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों व मुखबिर की सूचना के आधार पर 19 मार्च 2026 को पुलिस ने चेकिंग के दौरान उएठळ कार संख्या वढ32ऋद्ध0503 को पकड़ लिया। कार में सवार दो अभियुक्त—धर्मेन्द्र पुत्र रामभरोसा व मोईनुद्दीन पुत्र मकसूद, निवासी जनपद कुशीनगर—को गिरफ्तार कर लिया गया।

पूछताछ में सामने आया कि यह गिरोह संगठित रूप से काम करता है और अकेले व असहाय लोगों को निशाना बनाकर बातचीत में उलझाकर लूटपाट की घटनाओं को अंजाम देता है। वारदात के बाद सभी सदस्य अलग-अलग दिशाओं में फरार हो जाते हैं।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त कार, मोबाइल फोन आदि बरामद किए हैं। दोनों अभियुक्तों के खिलाफ विभिन्न जनपदों में पहले से कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

पुलिस टीम की इस सफलता पर अधिकारियों ने संतोष जताते हुए कहा कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और फरार आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# पीलीभीत में दुष्कर्म मामले में आरोपी को 10 साल की सजा, 20 हजार रुपये जुमार्ना

**पुलिस की प्रभावी पैरवी से न्यायालय ने सुनाया फैसला, पॉक्सो एक्ट के तहत हुई कार्रवाई**

(जीएनएस)।

पीलीभीत।

जनपद पीलीभीत के थाना दियोरिया कला क्षेत्र से जुड़े दुष्कर्म मामले में न्यायालय ने आरोपी को कठोर सजा सुनाई है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस द्वारा की गई प्रभावी विवेचना और अभियोजन की मजबूत पैरवी के चलते माननीय न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 20,000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

यह मामला वर्ष 2019 का है, जिसमें थाना दियोरिया कला में धारा 376 IPC व 3/4 पॉक्सो एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस ने तत्परता से जांच पूरी कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने साक्ष्य एवं गवाहों के आधार पर अपना पक्ष मजबूती से रखा।

न्यायालय ने सभी तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को दोषी मानते हुए सजा सुनाई। इस कार्रवाई को लेकर पुलिस विभाग ने संतोष जताया है और इसे अपराधियों के खिलाफ सख्त संदेश बताया है।